संख्या-2024/001-58422024

प्रेषक,

राजेश कुमार-।।,

विशेष सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,

खेल,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

खेल अनुभाग लखनऊ : दिनांक-12/01/2024

विषयः- 63-विभिन्न जनपदों के स्टेडियम में अवस्थापनाओं के विकास-26- मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र " के अन्तर्गत अत्याधुनिक जिम उपकरणों की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1010/2023-24 दिनांक 24.11.2023 एवं पत्र संख्या-1190/जिम उपकरण पत्रा0/2020-21 दिनांक 04.01.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जनपद बाँदा, भदोही, हरदोई, कानपुर देहात एवं उन्नाव में अत्याधुनिक जिम उपकरण लगाये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुदान संख्या- 22 के लेखाशीर्षक "4202- शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय- 03- खेलकूद तथा युवा सेवा- 800-अन्य व्यय-63-विभिन्न जनपदों के स्टेडियम में अवस्थापनाओं का विकास- 26-मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र" के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि रू0 500.00 लाख से अत्याधुनिक जिम उपकरण लगवाये जाने हेतु प्राविधानित धनराशि की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया जिम इक्यूपमेन्ट की प्रक्रिया/मानक का निर्धारण करते हुए जनपद बाँदा, भदोही, हरदोई, कानपुर देहात एवं उन्नाव में अत्याधुनिक जिम उपकरण के विभागीय अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के दृष्टिगत शासनादेश संख्या- 1361/बयालिस-2020, दिनांक 17.09.2020 एवं शासनादेश संख्या-1891/बयालिस-2019-02(बजट)/2016, दिनांक 03.11.2021 में उल्लिखित शर्तों के आधार पर जेम पोर्टल के माध्यम से अत्याधुनिक जिम उपकरणों का क्रय किये जाने हेतु 63-विभिन्न जनपदों के स्टेडियम में अवस्थापनाओं का विकास-26-मशीनें एवं सज्जा/उपकरण और संयंत्र मद में वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राविधानित बजट के सापेक्ष वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार धनराशि आवंटित करने का कष्ट करें।

<u>नियम व शर्तें / प्रतिबन्धों</u>

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 5,00,00,000 (रुपये पांच करोड़ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 022 **लेखा शीर्षक** 4202038006300 विभिन्न जनपदों के स्टेडियमों में अवस्थापनाओं का विकास **मानक मद** 26 मशीनें और सज्जा /उपकरण और संयंत्र के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 2/2023/बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक-17-मार्च, 2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

राजेश कुमार-।।

विशेष सचिव।

संख्या-2024/ 001-58422024, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी, उ0 प्र0 |

2- सम्बन्धित, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी/ क्रीड़ा अधिकारी, खेल विभाग, उ0 प्र0।

3- निदेशक, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, उ0 प्र0 कानपुर ।

4- वित्त एवं लेखाधिकारी/ उप निदेशक, खेल निदेशालय, उ0 प्र0 लखनऊ ।

5- सम्बतन्धित जनपदों के कोषाधिकारी, उ0प्र0।

6- गार्ड फाइल/कम्प्यूटर प्रति ।

आज्ञा से,

हृदय नारायण सिंह यादव

संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।